# Haryana College Teachers Association

(Affiliated to AIFUCTO) : Website: www.hcta.in

Dayanand Malik
President
All India Jat Heroes' Memorial College, Rohtak
Mob: 9813763351, 7988023380
E-mail:-malikdayanand03@yahoo.com

Dr. Chand Singh
General Secretary
D.A.V.P.G. College Lahore, Ambala City
Mob: 9354732700
E-mail:- chanddav74@gmail.com

Ref. No. HCTA-1/8/2021 Date: 10.08.2021

आदरणीय साथियो,

आशा है आप स्वस्थ होंगें। हरियाणा काॅलेज टीचर्स एसोसिएशन के केन्द्रीय पदाधिकारियों की एक बैठक 18 जुलाई, 2021 को आई. बी. काॅलेज पानीपत में सम्पन्न हुई।

- इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एक अगस्त 2021 को एफ.सी. काॅलेज फार वीमेन्स, हिसार में हरियाणा काॅलेज टीचर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति (Executive Committee) की बैठक बुलाई जाए जिसमें हरियाणा काॅलेज टीचर्स एसोसिएशन के चुनावों से सम्बन्धित विचार विमर्श के बाद आगामी कार्यक्रम पर निर्णय हो।

- इस बैठक में हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसाइटी एक्ट, 2012 का अध्ययन करने के लिए एक कमेटी गठित की गई जिसमें एच सी टी ए के प्रधान डॉ दयानंद मलिक, पूर्व प्रधान डॉ नरेन्द्र चाहर एवं डॉ युद्धवीर को जिम्मेदारी दी गई ताकि एक अगस्त की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सोसाइटी एक्ट 2012 पर चर्चा हो सके।

- साथ ही एक ओर कमेटी का गठन किया गया जिसमें एच सी टी ए के उप प्रधान डॉ बलबीर सिंह, डॉ रामेश्वर दास और डॉ राजेन्द्र सिंह को जिम्मेदारी दी कि वे नई शिक्षा नीति का अध्ययन करके हरियाणा काॅलेज टीचर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की आगामी बैठक में नई शिक्षा नीति पर अपने विचारों को सांझा करें ताकि एच सी टी ए की नई शिक्षा नीति पर व्यापक समझ तैयार हो सके।

केन्द्रीय पदाधिकारियों की बैठक के निर्णय अनुसार एक अगस्त 2021, दिन रविवार को हरियाणा काॅलेज टीचर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक एफ.सी. काॅलेज फाॅर वीमेन्स, हिसार में सम्पन्न हुई। यह बैठक प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 4 बजे तक चली। इस बैठक में एसोसिएशन के महासचिव डॉ चाँद सिंह ने हाल ही में शिक्षा मंत्री माननीय श्री कंवर पाल जी से चण्डीगढ में हुई बैठक की विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद डॉ रामेश्वर दास, सचिव, करनाल जोन द्वारा नई शिक्षा नीति पर अपने विचार प्रस्तुत किये और भविष्य में शिक्षा और शिक्षण ढांचे में होने वाले अभूतपूर्व परिवर्तन के लिए शिक्षकों को तैयार रहने का आवाहन किया।

इसके पश्चात हरियाणा का॑लेज टीचर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा वर्तमान समय में एच सी टी ए की कार्य प्रणाली और ढांचे को ओर अधिक मजबूत करने के सुझाव रखें एवं विभिन्न फाइलों से सम्बन्धित प्रश्न पूछे।

तत्पश्चात डॉ युद्धवीर ने हरियाणा सोसाइटी एक्ट 2012 पर अपने विचार रखे। इसी विषय पर एच सी टी ए के पूर्व प्रधान डॉ नरेन्द्र चाहर द्वारा नए एक्ट के अनुसार होने वाले सोसाइटी चुनावों पर विस्तार से चर्चा की गई और एच सी टी ए की लोकतंत्रीय परम्परा के संदर्भ में चुनावी प्रक्रिया का उल्लेख किया।

इसके पश्चात हरियाणा का॑लेज टीचर्स एसोसिएशन के प्रधान डॉ दयानंद मलिक ने अपने वक्तव्य में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के प्रश्नों का जवाब देते हुए विभिन्न फाइलों की यथा स्थिति की जानकारी दी और कई विषयों पर कार्यकारिणी समिति के समक्ष प्रस्ताव रखे। जिन्हें कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित कर दिया गया। ये प्रस्ताव निम्न हैं

1. हरियाणा का॑लेज टीचर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति (Executive Committee) ने यह निर्णय लिया है कि अक्तूबर के अंतिम सप्ताह या नवम्बर के पहले सप्ताह तक चुनाव सम्पन्न करवाने हैं इसका समय व स्थान बाद में सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही कार्यकारिणी समिति ने सदस्यता शुल्क के बारे में निम्न निर्णय लिया है।

(A) सभी शिक्षक साथी पिछले वर्षों (2021 तक) की सदस्यता शुल्क (500/-) की रसीद कैश भी कटवा सकते हैं। का॑लेज यूनिट की फीस पहले की तरह सदस्यों के नाम सहित जमा होगी।

(B) किन्तु वर्ष 2021-2022 का सदस्यता शुल्क (500/-) पाँच सौ रुपये प्रत्येक सदस्य को अपने नाम से व्यक्तिगत रूप से जमा करवाना होगा। यह सदस्यता शुल्क केवल चैक/यू.पी.आई./आर.टी.जी.एस. द्वारा ही बैंक में जमा करवाना होगा। इस वर्ष की सदस्यता में कैश जमा होने का कोई प्रावधान नहीं है। अतः सभी साथियों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित खाते में अपना सदस्यता शुल्क जमा करवाए और जमा राशि का साक्ष्य हरियाणा का॑लेज टीचर्स एसोसिएशन के प्रधान डॉ दयानंद मलिक, महासचिव डॉ चाँद सिंह एवं वित्त सचिव डॉ संजय शर्मा के WhatsApp / mail पर भेजें ताकि सदस्य अपनी रसीद प्राप्त कर सके। रसीद मिलने पर ही सदस्य संख्या मिल सकेगी। अतः सभी साथी इस प्रक्रिया को पूरा करने में पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग करें। हरियाणा का॑लेज टीचर्स एसोसिएशन के बैंक खाते का विवरण निम्न है।

- Haryana College Teachers' Association
- The Kurukshetra Central Co-op. Bank Ltd.
- Account Number =000334001000761
- IFSC Code=UTIB0KURU01

जो भी शिक्षक साथी 31अगस्त तक पिछले बकाया सहित सदस्यता शुल्क जमा नहीं करवा पाते वो चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार से भागीदारी नहीं कर पाएंगे। Unit wise Membership fee list hcta.in पर देख सकते हैं।

2. इसके साथ-साथ सभी साथी अपना सदस्यता फार्म नम्बर X (दस) भरकर उसकी मूल प्रति हरियाणा काॅलेज टीचर्स एसोसिएशन के प्रधान डॉ दयानंद मलिक

( House Number 61- SP, Sector - 2, HUDA, Rohtak -124001) के पास डाक द्वारा या दस्ती (By Hand) 31अगस्त तक भिजवाने का कष्ट करें। फार्म नम्बर दस की प्रति इस पत्र के साथ भेजी जा रही है। यह फार्म एच सी टी ए की website hcta.in पर भी उपलब्ध है।

साथियो सदस्यता फार्म और सदस्यता शुल्क

दोनों का होना ही हरियाणा काॅलेज टीचर्स एसोसिएशन की सदस्यता के लिए अनिवार्य शर्त है। इन दोनों योग्यताओं को पूरा करने वाला ही सदस्य स्वीकार किया जाएगा।

3. इस कार्यकारिणी समिति ने एच सी टी ए के केन्द्रीय पदाधिकारियों को चुनाव का शैड्यूल तय करने के लिए अधिकृत किया गया।

4. साथ ही कार्यकारिणी समिति द्वारा हरियाणा काॅलेज टीचर्स एसोसिएशन की योग्यता पूरी करने वाले सदस्यों की सूची जारी करने के लिए भी केंद्रीय पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया।

5. कार्यकारिणी समिति ने हरियाणा काॅलेज टीचर्स एसोसिएशन के मार्च 2021 तक के आय-व्यय के विवरण की ऑडिट रिपोर्ट तैयार करके सम्बन्धित कार्यालय को जमा करवाने का निर्णय लिया है।

इस प्रकार कार्यकारिणी समिति ने ये प्रस्ताव पास करके एच सी टी ए को चुनावी प्रक्रिया में प्रवेश करवा दिया।

इस कार्यक्रम के अंत में महासचिव डॉ चाँद सिंह ने कार्यकारिणी समिति के सदस्यों, एफ सी काॅलेज फाॅर वीमेन्स की एच सी टी ए की काॅलेज यूनिट, प्राचार्य महोदया और काॅलेज मैनेजमेंट का धन्यवाद किया। साथ ही हिसार जोन के पदाधिकारियों का भी धन्यवाद दिया जिन्होंने हिसार में इस बैठक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

धन्यवाद

Chand 10.8.2021

महासचिव

डॉ चाँद सिंह

10.8.2021

प्रधान

डॉ दयानंद मलिक